दिन–सोमवार दिनांक– 29 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद कल अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा। इसी सूची के आधार पर विधानसभा चुनाव कराए जायेंगे। आयोग ने कहा है कि जिला मुख्यालय के साथ–साथ विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद भी दावा और आपत्ति दाखिल किए जा सकते हैं।

————————————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि सीटों के बंटवारे को लेकर नवरात्रि के बाद एनडीए की बैठक होगी। वाराणसी में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि अभी एनडीए के अन्दर सीट बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

————————————————————————————

राज्य को तीन अमृत भारत समेत सात रेलगाड़ियों की सौगात मिली है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रेल मंत्री श्री वैष्णव दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना जंक्शन से रेलगाडियों को रवाना किया। तीन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाडियां मुजफ्फरपुर को चरलापल्ली, दरभंगा और मंदार जंक्शन तथा छपरा और आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलेगी। इसके अतिरिक्त चार नई पैसेंजर रेलगाडियां नवादा, इस्लामपुर, बक्सर और झाझा सहित प्रमुख शहरों को जोड़ेंगी। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे उन राज्यों में विशेष ध्यान दे रहा है जहाँ सुविधाएँ सीमित थीं। उन्होंने कहा कि बिहार में एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएँ चल रही हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि दीपावली और छठ पर्व के दौरान रिकॉर्ड संख्या में 12 हज़ार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी।

———————————————————————————————————

पटना मेट्रो का आज अंतिम ट्रायल रन किया जा रहा है। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त–सीएमआरएस जनक कुमार गर्ग अपनी टीम के साथ ट्रैक स्टेशन और पूरी लाइन का निरीक्षण कर रहे हैं। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद सीएमआरएस की हरी झंडी मिलते ही आईएसबीटी से भूतनाथ तक मेट्रो के पहले फेज का शुभारंभ किए जाने की संभावना है।

———————————————————————————————————

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माता ने दानव रक्तबीज का संहार करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था। देवी के इस स्वरूप की पूजा करने से भय से मुक्ति मिलती है और नकारात्मक विचारों का नाश होता है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी समेत विभिन्न पीठों और मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न पूजा पंडालों में आज प्राण–प्रतिष्ठा के साथ ही देवी प्रतिमाओं के पट दर्शन के लिए खुल गए है। इसके साथ ही दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। इस बार कई स्थानों पर पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता का संदेश देते हुए इको फ्रेंडली पंडाल बनाये गये हैं। विभिन्न स्थानों पर रामलीला, गरबा और डांडिया महोत्सवों का भी आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर रेलवे स्टेशन से रेल पुलिस ने एक संदिग्ध नाइजिरियाई नागरिक को हिरासत में लिया है। आरपीएफ प्रभारी गोविंद सिंह ने बताया कि खूफिया एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उससे पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————————————

रोहतास जिले के तिलौथु थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरी–तिलौथु मार्ग पर आज सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक महिला गंभरी रूप से घायल हो गई।

———————————————————————————————

सहरसा जिले के मत्स्यगंधा स्थित कलाग्राम में नदियों के संरक्षण विषय पर वेविनार का आयोजन किया गया। विश्व नदी दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नदी मित्र ओम प्रकाश भारती समेत देशभर के चालीस नदी मित्रों ने भाग लिया।

———————————————————————————————

एशिया कप क्रिकेट के फाइनल में भारत की पाकिस्तान पर पांच विकेट से शानदार विजय को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। देर रात मैच की समाप्ति पर प्रदेशभर में लागों ने जश्न मनाया। जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री अशोर चौधरी ने कहा कि देश का तिरंगा ऐसे ही गर्व से फहराता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने एक बार फिर सामूहिकता का प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है।

———————————————————————————————

समाप्त